कानपुर, बुधवार 30 जनवरी, 2019

** नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 2 रुपया

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय

वाराणसी । गोरखपुर । प्रयागराज
कानपुर (झांसी) । लखनऊ
आगरा । बरेली । पटना
रांची (धनबाद संस्करण)
जमशेदपुर

online Edition
www.ajhindidaily.com

आज

10 विराट कोहली

विश्व के दूसरे सबसे सफल कप्तान बने

तापमान
अधिकतम 19.4 डि.से.
न्यूनतम 6.8 डि.से.
आर्द्रता- 76-46%

........केसीएनआईटी के छात्र-छात्राओं का अनूठा आविष्कार........

खेत में जानवर घुसेगा तो बजेगा अलार्म, नहीं होगा सिंचाई में पानी बर्बाद

बिना ईंधन के दौड़ेगी सड़क में एयर बाइक, बुवाई मशीन खरीदने के लिए किसानों ने दिए आर्डर

◆

अनूठा मॉडल देखकर बजाज कंपनी के इंजीनियर छात्र को ले गये साथ

◆

मेले के दूसरे दिन मेडिकल कॉलेज परिसर में उमड़ा हुजूम

◆

आज मेले का अंतिम दिन

(आज समाचार सेवा)

बांदा, 29 जनवरी। राजकीय मेडिकल कॉलेज मैदान में इनोवेशन एंड स्टार्टअप समिट के दूसरे दिन जबर्दस्त भीड़ रही। एक्सपो हॉल में विविध जानकारी के लिए दर्जनों पंडाल लगाये गये, जिसमें विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों के छात्रों ने नई-नई तकनीक के जरिये तमाम मॉडल प्रस्तुत किए, जिसमें अन्ना जानवरों की रोकथाम, खेत की सिंचाई में पानी बर्बाद न हो और कूड़ेदान के बाहर कूड़ा गिरने पर अलार्म बजने के साथ एयर बाइक के साथ एक छात्र ने ऑटो मोबाइल का अजूबा मॉडल पेश कर बजाज ऑटो कंपनी के लोगों को अपनी ओर खींचने पर मजबूर कर दिया। पूरे मेले में १२८ पंडाल लगाये गये हैं, जिनमें जनपद से लेकर बाहर तक के लोगों ने आकर सहभागिता निभाई है।

जिलाधिकारी हीरालाल की पहल पर जिले के चहुमुखी विकास और जिले में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए शुरु हुए तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन जिले भर के अलावा अन्य जनपदों और महानगरों से हजारों लोगों ने आकर बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। मेडिकल कॉलेज परिसर और अकादमी हाल समेत विभिन्न हॉलों में अलग-अलग तरीके के पंडाल सजाये गये। सजाये गये मॉडलों में जहां यहां के किसानों और सरकारी विभागों ने जनपद में होने वाली विभिन्न प्रकार के उत्पादों के बारे में लोगों को जानकारी दी वहीं अकादमी हाल में लगाये गये एक्सपो मेले में बिना ईंधन के चलने वाली एयर बाइक, ऑटो मोबाइल का अनूठा मॉडल और केसीएनआईटी के छात्र-छात्राओं ने अन्ना जानवरों की रोकथाम और खेतों में सिंचाई के दौरान बर्बाद होन वाले पानी को रोकने के लिए अलग-अलग प्रकार की चिप बनाक़र लोगों को समझाया वहीं शहर और कस्बों में कूड़ेदानों के बाहर कूड़ा गिरने और कूड़ादान फुल होने पर अलार्म बजने की तकनीक दिखाई। इस मॉडल में यह दिखाया गया कि लोग जब कूड़ा कूड़ेदान में डालते हैं तो कूड़ा नीचे अगल-बगल गिर जाता है, इस पर अलार्म बजने लगेगा और कूड़ा फेंकने वाले को मजबूरन कूड़ा उठाकर कूड़ेदान में डालना होगा। इसमें यह भी सिस्टम बनाया गया है कि यदि कूड़ादान फुल हो गया तो अलार्म बजने लगेगा, जिसे पालिकाकर्मी फौरन आकर खाली करेंगे। जिलाधिकारी हीरालाल को यह मॉडल स्वच्छता पर बेहद पसंद आया है।

एक्सपो हाल में सजाये गये पंडालों में केसीएनआईटी के छात्रों ने एक ऐसी चिप का आविष्कार किया है, जिसमें खेत में अन्ना जानवर के प्रवेश करते ही खेत मालिक के पास लगा अलार्म जोर-जोर से बजने लगेगा ताकि जानवर खेत की फसल न खराब कर सके और खेत मालिक दौड़कर आकर जानवर को बाहर कर सके। इसी प्रकार खेतों में सिंचाई के दौरान लगाये जाने वाला पानी जब खेत को भर दे और पानी बर्बाद न हो, इसके लिए भी केसीएनआईटी के छात्र-छात्राओं ने एक अनूठी चिप तैयार की है। जैसे ही खेत पानी से लबालब हो जायेगा, वैसे अलार्म जल स्रोत पर बजने लगेगा ताकि पानी बंद कर बर्बाद होने से रोका जाये। समिट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डिप्टी डायरेक्टर एनआरएलएम केके पांडेय ने बताया कि मेले में कुल १२८ पंडाल लगाये गये हैं, जिसमें यहां के शिक्षण संस्थानों के अलावा प्रदेश के अन्य महानगरों से दर्जनों छात्र अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन करने के लिए ऑटो मोबाइल और अन्य व्यापार से जुड़े पंडाल लगाये हैं। उन्होंने बताया कि एक छात्र ने एयर बाइक तैयार की है, जो बिना ईंधन के चलेगी। बताया कि बाइक के अगल-बगल दो एयर से भरे सिलेंडर लगाये गये हैं। एयर बाइक इन्हीं सिलेंडरों के जरिये सड़कों पर दौड़ रही है।

केके पांडेय ने बताया कि केसीएनआईटी के दात्रों ने एक छोटी सी बुवाई मशीन भी तैयार की है। यह बुवाई मशीन जिले के किसानों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। इसे खरीदने के लिए यहां के १४० किसानों ने बुकिंग कराई है। इस मशीन की कीमत करीब २ हजार रुपये है। खास बात यह है कि बुवाई के समय यह मशीन एक निश्चित दूरी पर बीज गिरायेगी। उन्होंने बताया कि एआरटीओ राजेश वर्मा के सहयोग से एक युवक ने आकर अपने पंडाल में ऑटोमोबाइल का एक शानदार मॉडल दिखाया, जिसे देखकर बजाज कंपनी के इंजीनियर दंग रह गये और उस युवक को अपने साथ ले गये। इसी प्रकार समिट में तमाम प्रकार के पंडाल लगाये गये हैं, जिनमें विविध प्रकार की जानकारियां लोगों को दी गई हैं।

बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं ने निष्प्रयोज्य सामाग्री से बनी वस्तुओं पर लगाया स्टाल

बांदा। इन्नोवेशन एण्ड स्टार्ट-अप कार्यक्रम में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज केन पथ की छात्राओं द्वारा निष्प्रयोज्य सामाग्री से बनी उपयोगी वस्तुओं पर आधारित स्टाल लगाया गया। जिसमें बेकार कपड़े से पायदान, मेजपोश, मोर, हाथी, घोड़े, डलिया, पेनदान, गुलदस्ता, धागे से बनी राखियां, कपडों से बनी पेर्टिग, पांच पैसे के सिक्कों से बनी नाव, पुरानी फाइलों से बनी तितलियां, पेटिंग में जीवों पर दया करो व श्रवण कुमार जैसे चित्र इस नवाचार ज्ञान के कुंभ में आकर्षण का केन्द्र बने रहे। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने निर्देशन पर लोगों को तमाम जानकारियां दी गई।